<u>भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण</u>

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

विषय: श्रीमती के.हेमलता द्वारा मुंबई में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, पश्चिमी क्षेत्र की क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक के पद पर कार्यभार ग्रहण ।

नई दिल्ली, 7 मई 2015 श्रीमती के.हेमलता ने हाल ही में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, पश्चिमी क्षेत्र की क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक, के रूप में कार्यभार ग्रहण किया । वे यातायात एवं गैर-यातायात राजस्व के हिसाब के लिए दक्षिणी और पूर्वोत्तर क्षेत्र के सभी हवाई अड्डों पर विमानपत्तन सूचना प्रबंधन प्रणाली के क्रियान्वयन में सहायक थी ।

उनके पास वरिष्ठ वित्तीय एवं प्रचालन पेशेवर के रूप में अपार अनुभव है जिसमें क्षेत्रीय हवाई अड्डों के प्रबंधन तथा निर्माण एवं सेवा क्षेत्रों में निर्देशन तथा निगमित वित्तीय प्रचालन का 25 वर्षो का अनुभव शामिल है तथा उनके पीछे वित्तीय विभागों के पुनर्गठन का तथा कार्य निष्पादन को बढ़ाने, उच्चस्तरीय वृद्धि तथा लाभ को सुधारने की योग्यता का इतिहास है । इस पदोन्नति से पूर्व उन्होंने चेन्नई हवाई अड्डे पर महाप्रबंधक (वित्त) कोयम्बटूर हवाई अड्डे पर निदेशक विमानपत्तन तथा कार्यवाहक क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक (पूर्वोत्तर क्षेत्र) के रूप में कार्य किया हैं । कोयम्बटूर हवाई अड्डे पर निदेशक विमानपत्तन के रूप में उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने के लिए उन्हें रोटरी क्लब, भारतीय उद्योग परिसंघ (सी.आई.आई) तथा वर्ल्ड ऑफ वुमेन (डब्ल्यू ओ डब्ल्यू) द्वारा सम्मानित किया गया है ।

वे आई.सी.ए.आई. से एक विशेषज्ञ चाटर्ड अकाउन्टेंट हैं तथा मद्रास विश्वविद्यालय से गणित में बी एस सी हैं । उन्होंने अंतरराष्ट्रीय व्यापार कानून, डब्ल्यू टी ओ तथा आई टी एल में डिप्लोमा भी उत्तीर्ण किया है उन्होंने अंतरराष्ट्रीय विमानन कार्यक्रम जैसे अंतरराष्ट्रीय विमानपत्तन प्रोफेशनल (आई ए पी) तथा विमानपत्तन प्रबंधन प्रोफेशनल एक्रीडिटेशन कार्यक्रम (ए एम पी ए पी) में भाग लिया है । वे एक उत्सुक पाठक तथा अच्छी श्रोता है ।

जनसम्पर्क निदेशालय द्वारा जारी

विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें

म.प्र. (जनसंपर्क) 9810025069, 011-24622787

सं. 10 /2015-16

श्रीमती के.हेमलता

क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक(पश्चिमी क्षेत्र),

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण,

* * *